ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 26]
Total No. of Questions : 26]

[ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 4
[Total No. of Printed Pages : 4

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 118-H (NS)
Code No. : 118-H (NS)

ಡಿ.ಇಡಿ. ಪ್ರಥಮ ವರ್ಷ
D.Ed. FIRST YEAR
ಕಲಿಕೆಯನ್ನು ಅನುಕೂಲಿಸುವುದು (ಕಿ.ಪ್ರಾ.ಶಾ.) — ಪರಿಸರ ಅಧ್ಯಯನ
FACILITATING LEARNING (LPS) — ENVIRONMENTAL STUDIES

(ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ)
(Hindi Version)
(ಹೊಸ ಪಠ್ಯವಸ್ತು)
(New Syllabus)

ದಿನಾಂಕ : 21. 05. 2019]
Date : 21. 05. 2019]

ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 10.00 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 1.00 ರವರೆಗೆ]
Time : 10.00 A.M. to 1.00 P.M.]

[ಪರಮಾವಧಿ ಅಂಕಗಳು : 60
[Max. Marks : 60

ಅಭ್ಯರ್ಥಿಯ ನೋಂದಣಿ ಸಂಖ್ಯೆ
Register Number of the Candidate

भाग - I

निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार** विकल्प दिये गये हैं । सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं : 10 × 1 = 10

1. पर्यावरण में जैव तथा अजैव की पारस्परिक निर्भरता का एक उदाहरण है

(A) कार्बन चक्र (B) जल चक्र

(C) नाइट्रोजन चक्र (D) इनमें से सभी ।

2. जब कोई शिक्षक 'मात्स्यकी' पर एक पाठ को सरल बनाता है तब किस क्षेत्र के विद्यार्थियों को प्रायोगिक अधिगम दिया जाता है ?

(A) तटीय क्षेत्र (B) पठारी क्षेत्र

(C) पर्वतीय क्षेत्र (D) मरुभूमि क्षेत्र ।

3. 'आधारभूत शिक्षा' का आवश्यक तत्व प्रदान किया गया है

(A) राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा (NCF-2005) में

(B) शिक्षा पर राष्ट्रीय नीति (1986) में

(C) कोठारी शिक्षा आयोग (1964-66)

(D) विद्यालयी शिक्षा के लिये राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा (NCFSE-2000) में ।

4. "प्रकृति के पास मानव की आवश्यकताओं के लिये सब कुछ है परंतु उसके लालच के लिये नहीं ।" यह किसका कथन है ?

(A) जॉन ड्यूई (B) जाँ पियाजे

(C) महात्मा गाँधी (D) बी० आर० अम्बेडकर ।

5. एक पर्यावरण अध्ययन का शिक्षक जब 'परिवहन प्रणाली' पर किसी पाठ को सरल बनाते हैं, तब उन्होंने शुरू में स्थल परिवहन को सिखाते हैं तथा बाद में वायु परिवहन को सिखाते हैं । यहाँ शिक्षक किस विधि का अनुसरण करते हैं ?

(A) अपरिचित से परिचित विधि (B) सरल से जटिल विधि

(C) बाल-केन्द्रित से शिक्षक-केन्द्रित विधि (D) परिचित से अपरिचित विधि ।

6. अध्ययन में दृश्य-श्रव्य सहायक सामग्रियों के उपयोग का उद्देश्य है

(A) कुछ बिन्दुओं को उदाहरण देकर समझाना अथवा पुनरावृत्ति करना

(B) आनंद बढ़ाना

(C) समय का उपयोग

(D) संचार की उन्नति ।

7. वाहनों का उत्सर्जन जाँच चलानेवाला संगठन है

(A) क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (B) प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

(C) सड़क सुरक्षा प्राधिकरण (D) नगर निगम ।

8. पर्यावरण अध्ययन के बारे में निम्न कथनों में कौन सही नहीं है ?

I. यह पर्यावरण क साकल्य परिप्रेक्ष्य का विकास करता है

II. यह एक सम्मिश्र अध्ययन क्षेत्र है

III. यह बच्चों को उनके पर्यावरण के अन्वेषण तथा अनुभव करने में सहायता करता है

IV. यह एकल विषम उपागम का अनुसरण करता है ।

इनमें से :

(A) II तथा III (B) केवल III

(C) I तथा II (D) केवल IV.

9. विद्यालय स्तर पर पर्यावरण अध्ययन को अनिवार्य बनाने के संबंध में उच्चतम न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल किया गया था

(A) मारिया मान्टेसरी द्वारा (B) जे० कृष्णमुर्ति द्वारा

(C) जॉन ड्यूई द्वारा (D) एम० सी० मेहता द्वारा ।

10. किसी व्यक्ति के प्रत्यक्ष ज्ञान, अधिगम, दृष्टिकोण तथा मत की दिशा पर पर्याप्त अभिप्राय रखनेवाली विस्तृत प्रभाव वाली विशेषताएँ हैं

(A) मूल्य (B) व्यवहार

(C) चिंतन (D) अवधारणाएँ ।

भाग - II

निम्न में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये, प्रत्येक उत्तर **आधा** पृष्ठ से अधिक न हो : $5 \times 2 = 10$

11. भारतीय संस्कृति कैसे पर्यावरण तथा इसका संरक्षण को स्वीकार करता है ?

12. पर्यावरण अध्ययन को प्राथमिक स्तर पर क्यों संस्तुत किया गया ? दो कारण बताएँ ।

13. जल पारिस्थितिकी तथा मरुभूमि पारिस्थितिकी में से प्रत्येक के लिये आहार श्रृंखला का एक-एक उदाहरण दीजिये ।

14. "पर्यावरण पर मेला का प्रभाव" विश्लेषण करें कि कक्षाकक्ष में इस संदर्भ का कैसे उपयोग किया जाता है ।

15. एक प्राथमिक विद्यालय का शिक्षक होते हुये आपको पर्यावरण अध्ययन के संचालन में क्या-क्या पूर्वापेक्षा होनी चाहिये ?

16. विभिन्न कार्यों के लिये सामाजिक संदर्भ में आप जल का उपयोग कैसे करेंगे ?

17. प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन के कक्षाकक्ष संचालन में कौन-से प्राकृतिक स्रोतों का उपयोग करेंगे उनकी एक सूची बनाइये ।

18. पर्यावरण अध्ययन का संचालन करते समय एक शिक्षक को क्यों बच्चे के समुदाय तथा संस्कृति को ध्यान में रखना चाहिए ? जाँच करें ।

भाग - III

निम्न प्रत्येक प्रश्न में एक विकल्प दिया गया है । उनमें से किसी एक का उत्तर दें । उत्तर **एक** पृष्ठ से अधिक न हो : $8 \times 5 = 40$

19. पर्यावरण की भौतिक तथा जीव वैज्ञानिक पहलुओं में से प्रत्येक के दो का उल्लेख कीजिये । इन घटकों में अंतर्क्रिया की व्याख्या करें ।

अथवा

क्या आप सोचते हैं कि मानव प्रकृति से सम्पूर्ण स्वतंत्र है ? स्पष्ट करें ।

20. 'आवास तथा अधिगम' के बारे में बोलने वाले स्थिति पत्र के महत्व की सूची बनाइये ।

अथवा

मनोविज्ञान के अनुसार 6 से 10 वर्ष आयु के बच्चों के मानसिक गुण-लक्षणों की सूची बनाइये ।

21. पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यपुस्तकों की विष्यवस्तु के विषयपरक संगठन की सुविधाओं का उल्लेख करें ।

अथवा

कोई पाँच बाह्य खेलों की सूची बनाइये । उनमें से किसी एक की व्याख्या करें ।

22. आपके गाँव में प्राथमिक विद्यालय के विकास में एसडीएमसी, विद्यालय प्रधानाध्यापक तथा अभिभावकों को भूमिका क्या हैं ? विश्लेषण करें ।

अथवा

अपने गाँव में आप कौन-सी तीन न्यूनतम जनसवाओं का होना चाहते हैं ? विश्लेषण करें ।

23. भौतिक संदर्भ में जल के गुण-लक्षण तथा सांस्कृतिक संदर्भ में इसके महत्व की चर्चा करें ।

अथवा

'प्राथमिक विद्यालय स्तर पर पर्यावरण अध्ययन में चर्चा पद्धति उपयोगी है ।' इसकी चर्चा करें ।

24. आपके विद्यालय में उत्पन्न कुड़े-कर्कटों की सूची बनाइये । इनके निपटान के सोपानों का विश्लेषण करें ।

अथवा

प्राथमिक विद्यालय के पर्यावरण अध्ययन कक्षाकक्ष में कौन-से मानव स्रोतों का उपयोग किया जा सकता है ? विश्लेषण करें ।

25. पुनर्नवीकरण योग्य तथा गैर-पुनर्नवीकरण योग्य स्रोत कौन-कौन से हैं ? प्रत्येक की व्याख्या एक उदाहरण देकर करें ।

अथवा

पर्यावरण अध्ययन कक्षाकक्ष में स्रोतों के रूप में उपयुक्त पाँच मुद्रित वस्तुओं की सूची बनाइये । उनमें से किन्हीं दो को स्पष्ट करें ।

26. आप अपने विद्यालय में पर्यावरणीय स्रोत को एक कोना का अभिकल्प कैसे बनायेंगे ?

अथवा

चौथी या पाँचवीं कक्षा के लिये अपने पसंद के किसी पर्यावरण अध्ययन शीर्षक के लिये एक 5E मॉडल पाठ योजना बनाइये ।